बैरीकेटिंग का कार्य किया जा रहा सड़कों को चिन्हित कर गड्ढा मुक्त राम सेवक द्विवेदी उपस्थित रहे।

नाले के बायो कम फायटो रेमिडियेशन का निरीक्षण

शेखर टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। नगर आयुक्त संतोष शर्मा द्वारा मो0 युनूसखेल में नाले के बायो कम फायटो रेमिडियेशन के कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त द्वारा अवगत कराया गया कि नगर में प्रवाहित नालों जिनका कुल श्राव 35 एमएलडी हैं जो राम गंगा की सहायक नदियों में गिर रहे हैं। इन नालो के अपशिष्ठ जल का परीक्षण इकोमेन लैबोरेटरीज़, प्रा0लि0, अलीगंज, लखनऊ से कराया गया।

नालों में सबसे अधिक बी0ओ0डी0 56 मि0ग्रा0/ली0 एवं 06 एमएलडी श्राव का नाला यूनुसखेल को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में चिन्हित कर बायो/फ़ायटो रेमिडियेषन हेतु चयनित किया गया। नगर आयुक्त द्वारा वी0एन0 द्विवेदी, महाप्रबन्धक, सूरज प्रजापति, अवर

अभियन्ता व फ़र्म के प्रतिनिधि की उपस्थिति में किया गया। नगर आयुक्त के साथ फ़र्म के प्रतिनिधि रत्नेश कुमार व उनकी टीम उपस्थित रही। साइन बोर्ड, फ़्लो चार्ट प्रदर्षित करने का निर्देश दिया गया फ़र्म द्वारा नाले पर 4 स्थलों पर अस्थायी सैंड बैग से चेक डैम बनाये गये है, जिससे पानी फ़िल्टर होकर प्रवाहित हो रहा है। जिनके माध्यम से बायो कल्चर डालकर बायो रेमिडियेषन किया जाना है। बायो कम फ़यटो रेमिडियेषन का कार्य निम्नानुसार किया जाना है। कार्य पूर्ण होने पर क्षेत्रीय जनता को दुर्गंध से छुटकारा मिलने के साथ-साथ वायु प्रदूषण एवं जल प्रदूषण से बचाव होगा। शोधित जल का हरित प्राधिकारण के मानकों के अन्तर्गत जल का मानक प्राप्त होगा, जिससे नदी का जल स्वच्छ रहेगा एवं जल जन्तुओं के जीवन की रक्षा होगी।